पत्र संख्या – स0वा0क0अधि0/183/ 2022

प्रेषक,

धरणी धर ओझा
एच0जे0एस0
न्यायिक सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण,
कानपुर पीठ प्रथम, कानपुर

सेवा में,

श्रीमान उपनिबन्धक,
(एडमिन ए–1 व ए–4)
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय अध्यक्ष,
वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

दिनांक 26/03/ 2022

विषय – फ्लैट सं0 187/एस–2, मेजरिंग 79.93 स्क्वै.मी., टैगोर टाउन, प्रयागराज के क्रय किए जाने के सम्बन्ध में सूचना।

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि मेरे द्वारा दिनांक 17.12.2018 को एक सेकेण्ट हैण्ड फ्लैट नं0 187/ए–2, मेजरिंग 79.93 स्क्वै.मी., टैगोर टाउन, प्रयागराज (इलाहाबाद) को श्रीमती प्रभा सिंह पुत्री सभाजीत सिंह, निवासिनी 187/एस–02, टैगोर टाउन परगना व तहसील सदर, जिला प्रयागराज से रू0 35,00,000.00 में क्रय किए जाने के सम्बन्ध में अनुमति माननीय उच्च न्यायालय से चाही गई थी, जो माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित सम्मानित आदेश दिनांकित 25.02.2019 द्वारा प्राप्त हुई थी और मुझसे यह अपेक्षा की गई थी कि विक्रय पत्र की छाया प्रति और विक्रय संव्यवहार के सम्बन्ध में सुसंगत प्रपत्र को प्रेषित किया जाय।

उपरोक्त सन्दर्भ में ससम्मान निवेदन करना है कि मेरे द्वारा दिनांक 03.11.2018 को श्रीमती प्रभा सिंह पुत्री सभाजीत सिंह, निवासिनी 187/एस–02, टैगोर टाउन परगना व तहसील सदर, जिला प्रयागराज से उक्त फ्लैट क्रय किए जाने हेतु संविदा की गई जिसमें उनसे यह कहा गया था कि विभागीय अनुमति एवं ऋण सम्बन्धी कार्यवाही के उपरान्त उक्त फ्लैट को क्रय किया जा सकेगा। इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने तथा बैंक से ऋण प्राप्त करने में हुए विलम्ब के कारण मेरे द्वारा उक्त फ्लैट को दिनांक 11.12.2019 को जरिए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रय किया गया और इसका दाखिल खारिज नगर निगम, प्रयागराज से दिनांक 24.11.2020 को नामान्तरण कराया गया। विक्रय के संव्यवहार के सम्बन्ध में यह सादर अवगत

पृष्ठ – 2 पर ..

कराना है कि जिस दिन अर्थात दिनांक 03.11.2018 को मेरे द्वारा संविदा की गई, उस दिन मेरे बचत खाता सं0 11171795884 भारतीय स्टेट बैंक में कुल रू0 8,73,921.00 बचा था। चूँकि बैंक से ऋण लेने में एक वर्ष से अधिक का विलम्ब हो गया, इस दौरान मेरे बचत खाते में कुल 13 माह का शुद्ध वेतन लगभग रू0 16,00,000.00 डिपाजिट हुआ तथा रू0 65,000.00 एक एल0आई0सी0 नं0 230227561 जिसे वर्ष 1992 में लिया गया था, परिपक्व हो कर दिनांक 20.07.2019 को मेरे खाते में डिपाजिट हुआ। एक म्यूचुअल फण्ड (आदित्य विरला) दिनांक 13.09.2019 को रू0 90,777.41 तथा एक इन्कैशमेण्ट व एस0सी0पी0 एरियर लगभग रू0 1,75,000.00 इस प्रकार कुल 13 माह के अन्दर मेरे बचत खाते में लगभग रू0 19,50,000.00 डिपाजिट हुआ। इस धनराशि में से समय–समय पर मेरे द्वारा जरिए चेक विक्रेता श्रीमती प्रभा सिंह पुत्री सभाजीत सिंह, निवासिनी 187/एस–02, टैगोर टाउन परगना व तहसील सदर, जिला प्रयागराज को अदायगी की गई। इस दौरान बड़ौदा ग्रामीण बैंक, विकास भवन, प्रयागराज से मुबलिग रू0 18,00,000.00 का आवासीय ऋण लिया गया। उस आवासीय ऋण से क्रमशः रू0 9,00,000.00 डी0डी0 सं0 254825 दिनांकित 09.12.2019 बैंक आफ बड़ौदा, प्रयागराज व रू0 8,00,000.00 डी.डी0 सं0 254826 दिनांकित 09.12.2019 बैंक आफ बड़ौदा, प्रयागराज की अदायगी दिनांक 11.12.2019 को की गई। आवासीय ऋण की धनराशि रू0 1,00,000.00 में से बची हुई धनराशि दिनांक 11.12.2019 को रजिस्ट्री आफिस में मुबलिग रू0 25,090.00 स्ट्राम्प व रजिस्ट्री खर्च अदा किया गया तथा विक्रय के करार के लिए आवश्यक स्टाम्प पेपर मेरे द्वारा जनपद प्रयागराज से दिनांक 11.02.2019 को जरिए चेक सं0 238558 से स्टेट बैंक आफ इण्डिया, इलाहाबाद से रू0 50,000.00 निकाल कर तथा मेरे पास उपलब्ध रू0 20,000.00 में से रू0 70,000.00 का स्टाम्प पेपर खरीदे गए एवं दिनांक 05.12.2019 को जरिए चेक सं0 2386609 स्टाक होलिडंग आफ इण्डिया से रू0 1,50,000.00 का ई–स्टाम्प क्रय किया गया। इस प्रकार मेरे द्वारा उपरोक्त फ्लैट के क्रय किए जाने के सम्बन्ध में क्रय संव्यवहार का सम्पूर्ण विवरण भारतीय स्टेट बैंक के स्टेटमेण्ट को संलग्न करके माननीय महोदय की सेवा में प्रेषित कर रहा हूँ।

माननीय महोदय से निवेदन है कि कोरोना महामारी के कारण जो विलम्ब हुआ, क्षमा करने की महती कृपा करते हुए स्वीकार करने की कृपा करें।

भवदीय

26/3/22

संलग्नक – उपरोक्तानुसार।

(धरणी धर ओझा)
एच0जे0एस0
न्यायिक सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण,
कानपुर पीठ प्रथम, कानपुर
I.D. 5838